>

Title: Regarding setting up of a steel factory in Dhaurahra Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- laid

श्रीमती रेखा अरूण वर्मा (धौरहरा): मैं यह विषय रखना चाहती हूँ कि मेरे लोकसभा धौरहरा की विधानसभा कस्ता के ब्लॉक बेहजम, जनपद लखीमपुर में इस्पात मंत्रालय द्वारा इस्पात फैक्ट्री की स्थापना किए जाने के संबंध में लगभग 11 वर्षों पूर्व सैकड़ों एकड़ किसानों ने अपनी भूमि क्षेत्र के विकास के लिए नये उद्योगों की स्थापना के लिए क्षेत्र में बेरोजगारी दूर करने के लिए इस्पात मंत्रालय को दी थी । परंतु इस्पात मंत्रालय द्वारा कहीं न कहीं किसानों की अनदेखी की गयी है तथा भूमि अधिकरण के 11 वर्षों बाद भी इस्पात फैक्ट्री की स्थापना करने हेतु किसी प्रकार का कोई भी कार्य नहीं किया गया है जिसके कारण क्षेत्रीय जनता को बेरोजगारी की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है ।

ब्लाक बेहजम जनपद लखीमपुर खीरी में 11 वर्षों पूर्व इस्पात फैक्ट्री स्थापित करने के लिए की गयी भूमि अधिग्रहण पर फैक्ट्री स्थापित करने के लिए इस्पात मंत्रालय द्वारा क्या कार्ययोजना बनायी गयी है, यदि कोई कार्ययोजना बनायी गयी है तो कितने समय में अधिग्रहित भूमि पर इस्पात फैक्ट्री कार्य शुरू होगा ?